दैनिक नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 190, पृष्ठ 12)
सोमवार 9 जून 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 41.6° | 27.8° |
| इंदौर | 38.7° | 23.4° |
| जबलपुर | 42.2° | 27.5° |
| ग्वालियर | 43.4° | 28.2° |


राजधानी... सादे समारोह में छोटे बेटे अभिमन्यु ने ...


खेल... क्रिस्टियानो रोनाल्डो काफी संपर्क के बावजूद विश्वकप नहीं..


व्यापार... चीन के निर्यात से भारत की आटो कंपनियां...


देश-विदेश... ट्रंप का बयान यूक्रेन ने हमला कर पुतिन ...

www.naiduniaonline.com

# एनडीए सरकार ने किया 11 साल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषितः मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।



प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों (लाइव बर्थ) पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई। इनमें महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा कि हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली (शेष पेज 2 पर)

## देश के आर्थिक विकास में अहम् योगदान दे रहीं महिलाएं : सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में महिलाएं देश में प्रगति की प्रमुख चालक के रूप में उभरी हैं और नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वित्त मंत्री ने सशक्त नारी के 11 वर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जो जमीनी स्तर पर उनके सशक्तिकरण को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि देश भर में मुद्रा लोन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। इन लोन ने लाखों महिलाओं को उद्यमी बनने और स्वतंत्र रूप से अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया है। वहीं, स्टार्ट-अप इंडिया उद्यमी योजना के तहत लाभ पाने वालों में से 74 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके अलावा, गरीबों के लिए पीएमएवाई (ग्रामीण) योजना के तहत 73 प्रतिशत घरों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। वित्त मंत्री ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं। ये उनके लिए एक बड़ा वरदान साबित हुए हैं, क्योंकि इससे उनका जीवन आसान हुआ है और स्वास्थ्य लाभ भी मिला है। साथ ही, उन्हें लकड़ी और अन्य ईंधन जैसे कि गोबर के हानिकारक धुएं से मुक्ति मिली है, जिसका उपयोग पहले खाना पकाने के लिए किया जाता था।


### जब डीएमके पर निशाना साधते हुए बोले शाह

# मैं दिल्ली में रहता हूं लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर हैं

मदुरै (एजेंसी)।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इसने अपने कार्यकाल के पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। रविवार को मदुरै में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी संकल्प लिया कि भाजपा 2026 में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में सरकार बनाने जा रही है।**

शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराए गए 450 करोड़ रुपये के पोषण किट को एक निजी कंपनी को सौंपकर बहुत बड़ा घोटाला किया और गरीबों को भोजन से वंचित कर दिया। संबोधन के शुरूआत में अमित शाह ने कहा कि मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकर्ताओं से क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं उनसे भारत की महानतम भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता।



उन्होंने आगे कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर लगे रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी।

उन्होंने यह भी दावा किया कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार ने 4,600 करोड़ रुपये का रेत खनन घोटाला भी किया है, जिससे राज्य के गरीब लोगों को ऊंचे दामों पर रेत खरीदना पड़ रहा है, ताकि सत्तारूढ़ पार्टी को पैसा बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार से अपनी मांग दोहराना चाहता हूं कि जल्द ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई तमिल भाषा में भी होनी चाहिए।

## मदुरै के मीनाक्षी मंदिर में की पूजा-अर्चना

तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पुजारियों और अधिकारियों ने पारंपरिक पूर्ण कुंभम सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। श्री अमित शाह ने मंदिर में लगभग 30 मिनट बिताए और विभिन्न सन्निधियों में दर्शन किए। मंदिर के सभी चार प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं को पूरी जांच के बाद केवल तीन प्रवेश द्वारों से ही प्रवेश की अनुमति दी गई। पूर्वी टॉवर के प्रवेश द्वार को आम जनता के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

## खास-खबरें

### अरामबाई तेग्गोल ने 10 दिनों तक मणिपुर बंद की घोषणा की

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था अरामबाई तेंगगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य सदस्यों की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से 10 दिनों के बंद का एलान किया है। इस गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसक प्रदर्शन हुये। अब तक लगभग पांच वाहन जलाए जा चुके हैं जिनमें सुरक्षा बलों के वाहन भी शामिल हैं। प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में 10 लोग घायल हो गये । एक पत्रकार को भी चोटें आई हैं। राज्य सरकार ने स्थिति को काबू में करने के लिए पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है और अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे की मौत

**मैनपुरी (एजेंसी)।** परिजन ने इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने बताया कि अंश अपने बड़े भाई चीकू (आठ) के साथ पिछले एक महीने से अकबरपुर झाला में अपने नाना-नानी के घर अपनी मां पूजा के साथ रह रहा था। मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र के एक गांव में खेलते समय 10 फुट गहरे बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अकबरपुर झाला गांव में अंश नाम का बच्चा इलाके से गुजर रही बारात को करीब से देखने की कोशिश में गलती से खुले बोरवेल में गिर गया जिससे उसकी गर्दन पर गहरा जख्म हो गया।

# देश की आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली : भागवत



**नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सामूहिक प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी 1857 के विद्रोह से शुरू हुए व्यापक प्रयासों का परिणाम थी, न कि किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि थी।**

नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हमेशा इस बात पर बहस होती है कि देश को आजादी किसके प्रयासों से मिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली। इसके लिए प्रयास 1857 में शुरू हुए और हर जगह आग भड़क उठी; उसके बाद, यह आग कभी शांत नहीं हुई। प्रयास जारी रहे और सभी के सामूहिक प्रयासों से हमें आजादी मिली। सामूहिक विचार और निर्माण के महत्व को समझाते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय (शेष पेज 2 पर)

# भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गयी है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुयी, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गयी है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों से 378 नए मामले सामने आये। केरल के बाद गुजरात इस मामले में दूसरे स्थान पर है।

यहां सात जून से आठ जून के बीच संक्रमण के 105 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 820 से अधिक हो गयी है। केरल में एक ही दिन में 144 मामलों की वृद्धि जेएन.1 वैरिएंट की उच्च संक्रामकता को रेखांकित करती है। एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 जैसे प्रोटीन म्यूटेशन, हालांकि हल्के लक्षणों से जुड़े हैं, लेकिन उनके तेजी से फैलने के लिए जाने जाते हैं। पश्चिम बंगाल में 71 नये मामले सामने आये, जिससे इसके सक्रिय मामलों की संख्या 693 हो गयी। दिल्ली में इस संक्रमण के 21 नये मामले दर्ज किये गये, जिसके बाद यहां पर सक्रिय मामलों की संख्या 686 (शेष पेज 2 पर)

# ज्योति और जसबीर की गिरफ्तारी से बौखलाया नासिर ढिल्लो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के शुरु होने के बाद से ही आतंकियों और इनसे जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में देश के अंदर भी छिपे कई जासूसों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं यूट्यूबर जसबीर के गिरफ्तार होने के बाद अब पाकिस्तानी यूट्यूबर नासिर ढिल्लो काफी परेशान नजर आ रहा है।



जसबीर की गिरफ्तारी के बाद नासिर ढिल्लो ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में नासिर ने जसबीर और ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। हालांकि अब पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों के साथ नासिर ढिल्लो का कनेक्शन सामने आने के बाद उसके फॉलोवर्स की संख्या तेजी से घट रही है। यह भी वजह से ही नासिर ढिल्लो ने बौखलाहट में वीडियो बनाया है। दरअसल, (शेष पेज 2 पर)

# राहुल नए तरीके के मौसम वैज्ञानिक हार का लगा चुके हैं अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वे नए तरीके के मौसम वैज्ञानिक बन गए हैं। उन्होंने अभी से ही अपनी हार का अनुमान लगा लिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से राहुल गांधी के बयानों पर जवाब मांगा गया था।




गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी नए तरीके के मौसम वैज्ञानिक बन चुके हैं, हार के मौसम वैज्ञानिक और वे अपनी हार का अनुमान लगा चुके हैं। जनता आज एनडीए के साथ इसलिए है क्योंकि आज हर गांव में सड़क है, बिजली है, स्वास्थ्य है और हर क्षेत्र में सरकार काम कर रही है। राहुल गांधी को यह मालूम है कि जनताएनडीए के साथ है इसलिए वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से उनमें कोई जान नहीं है। राहुल गांधी ने सोशल मीजिया एक्स पर एक पोस्ट में, चुनाव आयोग पर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए फर्जी चुनाव कराने का आरोप लगाया।

# राजस्थान में फिर सुलग रही गुर्जर आंदोलन की आग



**जयपुर( एजेंसी )।** राजस्थान में एक बार फिर से गुर्जर आंदोलन की राह पर हैं। भरतपुर जिले के पीलूपुरा गांव में आज को गुर्जर समुदाय की महापंचायत हो रही है, जहां पिछले दो दशकों में समुदाय अक्सर बड़े आंदोलन करता रहा है। हिंडौन-बयाना स्टेट हाईवे के पास हो रही महापंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के नेतृत्व में गुर्जरों के लिए आरक्षण समेत विभिन्न मांगों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि महापंचायत को सरकार के मसौदे को सुनने के बाद समाप्त कर दिया गया। लेकिन युवाओं ने कहा कि वे सरकार के फैसले से संतुष्टो नहीं हैं और आंदोलन जारी रखना चाहते हैं। आरक्षण के मुद्दे पर भरतपुर में गुर्जर समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया। विजय बैंसला वरिष्ठ गुर्जर नेता कर्नल केएस बैंसला के पुत्र हैं, जिन्होंने चार साल पहले अपनी मृत्यु तक समुदाय के आंदोलन का नेतृत्व किया था। गुर्जर समुदाय ने सरकार को रविवार दोपहर एक बजे तक का अल्टीमेटम दिया था। बयाना के पीलूपुरा-कारवाड़ी इलाके में गुर्जर समुदाय के लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक विजय बैंसला ने कहा कि हमें अधूरे अधिकार मिले हैं। हमें उन्हें पूरी तरह से हासिल करना है।

# बिहार में सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा:चिराग



**भोजपुर (एजेंसी)।** बिहार में ये चर्चा जोरों से चल रही थी कि क्या चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या सिर्फ़ सोशल मीडिया पर फायरब्रांड बने रहेंगे? लेकिन भोजपुर की जनता के सामने जब चिराग पासवान मंच पर आए, तो मुस्कराते हुए उन्होंने इन अटकलों पर खुद ही चर्चा छेड़ते हुए कहा कि आप सबका सवाल है कि चिराग पासवान क्या विधानसभा चुनाव लड़ेंगे फिर मुस्कुराते हुए कहा कि मैं बिहार के लिए चुनाव लड़ूंगा और 243 सीटों पर लड़ूंगा लेकिन वो किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, इसका फैसला जनता पर छोड़ा है। चिराग पासवान ने कहा कि मैं बिहार के लिए लड़ूंगा। यह चुनाव सिर्फ सत्ता का नहीं, सम्मान और विकास का है कि अब इस एक वाक्य से उन्होंने ना सिर्फ़ चर्चाओं का पटाक्षेप किया।

स्पेशल खबर | *सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के स्वदेश लौटने पर रविशंकर का बयान*

# आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी।**

राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहा कि भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी। बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की।



सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि हमने यूरोप के छह देशों का दौरा किया और हमें पता चला कि पूरा यूरोप एक नई आर्थिक व्यवस्था में आने की कोशिश कर रहा है और हर देश ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की (शेष पेज 2 पर)